# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 22.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू, 38 सीटों लिए 20 नवंबर को होगा मतदान।**
2. **झारखंड इंडिया ब्लॉक में सीट बंटवारे पर अंतिम तस्वीर साफ होने का इंतजार, झामुमो आज जारी कर सकता है उम्मीदवारों की पहली सूची।**
3. **भाजपा के संगठन महामंत्री बीएल संतोष आज चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभागों के साथ करेंगे बैठक, चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा होंगे शामिल।**
4. **कोडरमा में होटल कारोबारी के घर आयकर का छापा, करोड़ों रुपए नगद के साथ भारी मात्रा में सोना और मादक पदार्थ बरामद होने की सूचना।**
5. **बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव और चक्रवात दाना का झारखंड में भी होगा असर, मौसम विभाग ने कल से अगले तीन दिनों तक बारिश और वज्रपात को लेकर किया अलर्ट।**

********************

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी हो गई है। इस चरण में कुल 38 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर है। उम्मीदवार सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार, एक नवंबर तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

********************

झारखंड इंडिया ब्लॉक में सीटों के बंटवारे पर अंतिम तस्वीर अभी साफ नहीं हो पायी है। बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच राजद नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात भी की। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में राजद को 7 सीट देने पर सहमति बनी है। इधर भाकपा माले ने 8 सीटों पर अपनी दावेदारी पेश की है। कांग्रेस ने 21 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव मनोज पांडेय ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी आज उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है।

********************

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है आज दोपहर तक झारखंड इंडिया ब्लॉक में सीटों की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि झारखंड में गठबंधन पिछली बार की अपेक्षा ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करेगा ।

********************

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दावा किया है कि विपक्ष जिस तरह से हरियाणा में हारा, उससे बड़ी हार झारखंड में होगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन तथाकथित एक बड़ी हार की ओर अग्रसर हो रहा है और झारखंड में एनडीए, मजबूत सरकार बनाने जा रही है।

********************

डॉ. लुईस मरांडी और कुणाल सारंगी समेत कई भाजपा नेताओं के झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने पर झारखंड भाजपा ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है । प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कैडर आधारित पार्टी में लोगों का आना–जाना लगा रहता है, अंतिम सिपाही कैडर ही होता है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार सीईसी तय करते हैं, बाकी लड़ाई कार्यकर्ता लड़ते हैं।

********************

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष आज रांची में प्रदेश भाजपा कार्यालय में चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभागों के साथ बैठक करेंगे। इसमें चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी शामिल होंगे ।

********************

13 नवंबर को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुमला जिले की तीन विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है। इन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

निष्पक्ष चुनाव को लेकर कोडरमा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोडरमा थाना क्षेत्र की लारियाडीह पंचायत में एक होटल व्यवसायी के घर पर देर रात से छापेमारी जारी है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

********************

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान एक यात्री बस से आज सुबह 15 लाख रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मामले की सूचना आयकर विभाग को भी दी गई है।

********************

इधर हजारीबाग की पेलावल ओपी पुलिस ने ब्राउन शुगर और अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 52 ग्राम ब्राउन शुगर और एक किलो से अधिक अफीम बरामद की गई है. जिसकी कीमत 6 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है।

********************

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दबाव क्षेत्र और दाना चक्रवात का असर झारखंड के कई जिलों में भी देखने को मिलेगा। इस कारण कई जगहों पर आंधी चलने के साथ भारी वर्षा होगी। इसे लेकर मौसम विभाग केंद्र रांची ने अलर्ट जारी किया है।

**********समाप्त**********